संख्या-481/2017/1880/22-2-2016-17(61)/2017

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 29 जून, 2017***

विषय:- केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सुभाष पुत्र श्री कल्याण निवासी जनपद-मुजफ्फरनगर की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-34860/प्रोबेशन-3(एम-06-09-2016) दिनांक-26-09-2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सुभाष पुत्र श्री कल्याण, निवासी-फहीमपुर, थाना-सिखेडा, जनपद-मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। पूर्व में हुई आनन्दपाल की हत्या को लेकर दोनों पक्षों के मध्य चली आ रही दुश्मनी के कारण बन्दी ने 10 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर दिनांक 12.01.2000 को सायं लगभग 07:15 बजे देशी पिस्तौल, बन्दूक रिवाल्वर, डण्डा आदि से मारकर 08 व्यक्तियों की हत्या की तथा 05 अन्य को गम्भीर रूप से घायल किया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-344/2000, 342/2000 में भा0द0वि0 की धारा-302/149, 148, 425 व 27 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत मा0 विशेष न्यायाधीश (ई0सी0एक्ट0), मुजफ्फरनगर के आदेश दिनांक 18.05.2002 द्वारा मृत्युदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त दण्ड के विरूद्ध बन्दी द्वारा मा0 उच्च न्यायालय में क्रि0 अपील सं0-1780/2002 योजित की गयी। मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 25.11.2003 द्वारा मृत्युदण्ड की सजा को बहाल रखा गया जिसके विरूद्ध मा0 उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 30.04.2004 द्वारा उक्त मृत्युदण्ड को आजीवन कारावास की सजा में परिवर्तित कर दिया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 07.01.2016 तक 15 वर्ष 10 माह 14 दिन की अपरिहार सजा तथा 20 वर्ष 04 माह 21 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी के 06 सहअभियुक्त मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दोषमुक्त तथा 04 कारागार में निरूद्ध हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड की आख्या में यह उल्लेख किया गया है कि बन्दी द्वारा पूर्व में हुई आनन्दपाल की हत्या को लेकर दोनों पक्षों के मध्य चली आ रही दुश्मनी के कारण बन्दी ने 10 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर देशी पिस्तौल, बन्दूक रिवाल्वर, डण्डा आदि से मारकर 08 व्यक्तियों की हत्या की तथा 05 अन्य को गम्भीर रूप से घायल कर जघन्य

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

अपराध कारित किया गया है तथा इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर द्वारा किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी सुभाष पुत्र श्री कल्याण को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- अत: उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी सुभाष (बन्दी संख्या-8242) पुत्र श्री कल्याण निवासी जनपद-मुजफ्फरनगर के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति शासन द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।
(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

संख्या-481/2017/1880(1)/22-2-2016 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, आगरा।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश सख्ंया-481/2017/1880/22-2-2016-17(61)/2017

दिनांक 29 जून, 2017 का संलग्नक

<u>सरकार के आदेश</u>

केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सुभाष पुत्र श्री कल्याण, निवासी-फहीमपुर, थाना-सिखेडा, जनपद-मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। पूर्व में हुई आनन्दपाल की हत्या को लेकर दोनों पक्षों के मध्य चली आ रही दुश्मनी के कारण बन्दी ने 10 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर दिनांक 12.01.2000 को सायं लगभग 07:15 बजे देशी पिस्तौल, बन्दूक रिवाल्वर, डण्डा आदि से मारकर 08 व्यक्तियों की हत्या की तथा 05 अन्य को गम्भीर रूप से घायल किया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-344/2000, 342/2000 में भा0द0वि0 की धारा-302/149, 148, 425 व 27 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत मा0 विशेष न्यायाधीश (ई0सी0एक्ट0), मुजफ्फरनगर के आदेश दिनांक 18.05.2002 द्वारा मृत्युदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त दण्ड के विरूद्ध बन्दी द्वारा मा0 उच्च न्यायालय में क्रि0 अपील सं0-1780/2002 योजित की गयी। मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 25.11.2003 द्वारा मृत्युदण्ड की सजा को बहाल रखा गया जिसके विरूद्ध मा0 उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 30.04.2004 द्वारा उक्त मृत्युदण्ड को आजीवन कारावास की सजा में परिवर्तित कर दिया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 07.01.2016 तक 15 वर्ष 10 माह 14 दिन की अपरिहार सजा तथा 20 वर्ष 04 माह 21 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी के 06 सहअभियुक्त मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दोषमुक्त तथा 04 कारागार में निरूद्ध हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड की आख्या में यह उल्लेख किया गया है कि बन्दी द्वारा पूर्व में हुई आनन्दपाल की हत्या को लेकर दोनों पक्षों के मध्य चली आ रही दुश्मनी के कारण बन्दी ने 10 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर देशी पिस्तौल, बन्दूक रिवाल्वर, डण्डा आदि से मारकर 08 व्यक्तियों की हत्या की तथा 05 अन्य को गम्भीर रूप से घायल कर जघन्य अपराध कारित किया गया है तथा इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर द्वारा किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी सुभाष पुत्र श्री कल्याण को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है। उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा बन्दी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार किये जाने का निर्णय लिया गया है।

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)

संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in